p>

Title:Regarding reservation of Adivasi people of Dadar and Nagar Haveli in Government jobs- Laid

श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली): मेरा क्षेत्र दादर नगर हवेली एक आदिवासी बाहुल्य है । जिसकी 55% आबादी आदिवासी है । इन आदिवासियों के लिए 43% सरकारी नौकरियों में आरक्षण मिला हुआ है । भारत सरकार ने 2 केंद्र शासित प्रदेश दादर नगर हवेली एंव दमन और दीव को मिलाकर एक केंद्र शासित प्रदेश बना दिया हैं । एसी स्थिति में दादर नगर हवेली के आदिवासियों का आरक्षण के बारे में कुछ लोग असमंजस पैदा कर रहे हैं । जिससे आदिवासियों में चिंता का विषय बना हुआ है । स्थानीय प्रशासन भी इस गंभीर विषय पर चुप्पी साधे हुये है । जिससे कि स्थिति ज्यादा गंभीर बनी हुई है । ऐसे हालत में भारत सरकार के गृह मंत्रलाय को तुरंत दखल देना कि गुजारिश करता हूँ । एंव जो आदिवासियों को आरक्षण प्राप्त हुआ है । उससे बिलकुल छेड़छाड़ न किया जाए और आरक्षण आदिवासियों का बना रहे ।